# बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान

**सिवनी नवभारत।** मध्य प्रदेश के जिला सिवनी के अंतर्गत आने वाला विकासखंड लखनादौन जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष कर सिहोरा चुरका राना गोसाई खमरिया सहसना बुड़वानी नवल गांव गंधीला पथरिया सेजवाड़ा जैसी घनी आबादी वाले ग्राम में ना तो बिजली आने का पता होता न जाने का इतनी दयनीय स्थिति तो तब भी नहीं हुआ करती थी जब 24 घंटे बिजली नहीं मिला करती थी समय-समय पर बिजली मिलती थी मगर यह तो निश्चित था कि इतने बजे से इतने बजे तक बिजली हमारे घरों को रोशन करेगी उस अवस्था में भी ग्रामीण जन बिजली संबंधित कार्यों को समय के हिसाब से पूर्ण कर लेते थे लेकिन आज जब मध्य प्रदेश और केंद्र की सरकार 24 घंटे बिजली देने की बात करती है तो ऐसे में हमारा ग्राम सिहोरा अंधेरे में गुजर बसर करने को मजबूर है।

**कर्मचारी और अधिकारियों का नहीं है कोई ठिकाना**

ग्राम सिहोरा से बहुत से बहुत जगह के लिए बिजली सप्लाई हेतु मीटर लगाए गए हैं जो यहीं से ऑपरेट किए जाते हैं ऐसे में अगर किसी ग्राम में फ्यूज या डीईओ उड़ जाता है तो उन गांव में रात-रात भर लाइट नहीं आती सिहोरा पावर हाउस में कौन सा लाइनमैन कार्यरत है इसका भी पता नहीं और उनके सपोर्ट स्टाफ के बारे में भी कई लोगों को जानकारी नहीं ऐसी व्यवस्था को निश्चित ही जल्द से जल्द सुधार लिया जाना चाहिए ताकि आने वाले समय में किसी भी तरह की कोई परेशानी का सामना न करना पड़े बारिश के मौसम में बिजली की महती आवश्यकता होती है प्रशासन को इस संदर्भ में विशेष ध्यान देकर इस गंभीर समस्या से छुटकारा दिलाने का प्रयास करना चाहिए।

**जरा सी हवा-बारिश में गुल हो जाती है बिजली**

जरा सी हवा चली या थोड़े बहुत भी बादल आसमान में छाए तो यह समझ लो यहां की बिजली कटौती शुरू पता नहीं विद्युत विभाग को किस बात का डर रहता है जबकि इसके विपरीत अगर देखा जाए तो शहरों में बहुत कम समय के लिए ही बिजली कटौती की जाती है सिहोरा जो की बड़ी आबादी वाला गांव है इससे आसपास के ग्राम जुड़े हुए हैं जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है जैसे की



खाने के लिए आटा बनवाना हो बैंकिंग कार्य फोटोकॉपी वगैरा कोई भी कार्य हो तो बिजली कटौती के चक्कर में उन कार्यों को पूर्ण नहीं किया जा सकता ।



# विश्वकर्मा जयंती पर पूजन के साथ हुए विविध कार्यक्रम

**सिवनी नवभारत।** भगवान विश्वकर्मा जयंती समारोह विश्वकर्मा मंदिर महावीर वार्ड में मनाया गया जहां पर पूजन के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित हुए विश्वकर्मा बढई समाज के अध्यक्ष सी पी सोनवाने ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार शाम 5 विश्वकर्मा जयंती मनाई गई प्रात: से हवन पूजन, दोपहर में सामाजिक गोष्टी एवं सामाजिक पदाधिकारियों के

**पूजन के बाद निकाली गई भव्य रैली , जताया आभार**

चुनाव के प्रक्रिया के संबंध में चर्चा की गई शाम को प्रसाद वितरण एवं सामाजिक भोज का आयोजन किया गया । जिसमें सभी सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति रही। विश्वकर्मा पूजन महोत्सव बहुत धूमधाम से मनाया गया सकल विश्वकर्मा समाज की भव्य रैली का आयोजन हुआ सिवनी में कनौजिया लोहार समाज अध्यक्ष बृजमोहन विश्वकर्मा , डूंडा सिवनी विश्वकर्मा मंदिर समिति अध्यक्ष रमेश विश्वकर्मा एवं महाकालेश्वर विश्वकर्मा समिति पुखराज विश्वकर्मा और बढ़ई समाज रवि विश्वकर्मा सभी के मार्ग दर्शन में रैली प्रभारी रीतेश विश्वकर्मा व सभी पदाधिकारियों के तत्वाधान में सफलता पूर्वक रैली संपन्न हुई

# शासकीय आवास का एग्रीमेंट करा दे दिया किराये पर

**सिवनी नवभारत।** जिले कि जनपद पंचायत सिवनी के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत गोपालगंज में स्थित सहायक विकास विस्तार अधिकारी एडीओ भवन वर्तमान में खराब हालत में है ।खसरा नंबर 695 रकबा 0,008 आरे भूमि शासकीय रिकॉर्ड में दर्ज है। इस भूमि में बना हुआ आवास शासकीय अधिकारी के निवास ग्रह के रूप में अंकित है परंतु जनपद पंचायत सिवनी की मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जनपद के पीसीओ हीरालाल चन्द्रा द्वारा गोपालगंज निवासी दो व्यक्तियों को उक्त शासकीय भूमि का आवंटन कर दिया गया है जिसका विधिवत एग्रीमेंट भी करके 4 महीना से किराया लिया जा रहा है धीरे-धीरे इसकी जानकारी जब ग्राम वासियों को लगी तो उन्होंने पंचायत के माध्यम से इसका विरोध करना प्रारंभ किया जनपद सीईओ एवं पीसीओ श्री चन्द्रा द्वारा उक्त शासकीय भूमि को किस नियम से किराए में दिया गया है। यह तो शासन प्रशासन के लिए जांच का विषय है।

इस संबंध में पूर्व से ग्राम पंचायत गोपालगंज एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा उक्त भवन से अतिक्रमण हटाने एवं शासकीय भवन का सीमांकन करने हेतु सैकड़ो बार आवेदन दिया गया है परंतु विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के चलते उक्त विवादित भूमि का ही एग्रीमेंट कर किराए नाम के आधार पर खाली पड़ी भूमि को किराए में दे दिया गया है। ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने अभी वर्तमान में हो रही भूख हड़ताल के माध्यम से भी उक्त भवन को खाली कराए जाने की मांग रखी तब यह बात सामने आई की कल तहसीलदार की उपस्थिति में किराएदारों द्वारा उक्त खाली भूमि का किरायानामा एग्रीमेंट के रूप में तहसीलदार को दिखाया गया। यह देखकर अधिकारी भी अचंभित रह गए की कैसे इस शासकीय भवन को किराए में दे दिया गया है यह सब जांच का विषय है एवं ग्रामीणों ने जनपद सीईओ एवं जनपद के पीसीओ हीरालाल चंद्र के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग जिला कलेक्टर से की है।

## एक नजर में

### 20 को जाम में होगा दंगल

सिवनी। थाना लखनवाड़ा क्षेत्र के ग्राम जाम में 20 सितम्बर शनिवार को विशाल ईनामी दंगल का आयोजन होने जा रहा है। दंगल का आयोजन जाम ग्राम के बाजार चौक में दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होगा जिसमें क्षेत्र और आसपास के जिलों से नामी पहलवान भाग लेंगे। इस आयोजन के मुख्य अतिथि विधायक दिनेश राय 'मुनमुन' होंगे तथा अध्यक्षता धनेंद्र सिंह ठाकुर करेंगे, वहीं उपाध्यक्ष की भूमिका रामनरेश सिंह ठाकुर निभाएंगे और कोषाध्यक्ष के रूप में सरपंच गोलू सनोडिया रहेंगे। मंच संचालन राजेश सिंह ठाकुर द्वारा किया जाएगा। दंगल में पहलवानों के लिए आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं जिसमें प्रथम पुरस्कार 31 हजार रुपए, द्वितीय 21 हजार रुपए, तृतीय 11 हजार रुपए, चतुर्थ 5100 रुपए और पंचम पुरस्कार 3100 रुपए निर्धारित है।

### एक पेड़ माँ के नाम अभियान का आयोजन

सिवनी। सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत जिले के सभी नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान एक पेड़ माँ के नाम अभियान के माध्यम से पेड़ों के संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा दिया गया। कार्यक्रमों में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही, जिन्होंने इस पहल की सराहना की और लोगों को स्वच्छता तथा हरित पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। वहीं, धरती आबा ग्रामों में आदि उत्सव और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर ग्रामीण जनता को सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया।



# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

**सिवनी नवभारत।** क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों मे शामिल हुए विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर विधायक दिनेश राय मुनमुन सर्वप्रथम प्रात: 09~00 बजे नगर के दुर्गा चौक एवं बुधवारी बाजार मे भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित सफाई अभियान मे जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन एवं कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए तथा सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कंडीपार स्थित शासकीय मेडिकल कॉलेज मे आयोजित रक्तदान शिविर मे जिले के प्रभारी मंत्री करणसिंह वर्मा के साथ सहभागिता किया तथा उपस्थित सहभागियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गरिमामय लाईव संबोधन को सुना। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन ने नरेन्द्र मोदी विचार मंच (मिशन न्यू इंडिया) जिला सिवनी के अध्यक्ष घनश्याम बघेल द्वारा वृद्ध आश्रम मे आयोजित फल, मिष्ठान वितरण कार्यक्रम मे शिरकत कर प्रांगण मे स्थापित शिव मंदिर एवं श्री राधाकृष्ण मंदिर मे पूजन उपरांत वृद्धजनों को फल वितरण किया। इसके अलावा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने प्रदेश के लोक निर्माण विभाग केबीनेट मंत्री राकेश सिंह के सर्किट हाउस आगमन पर भेंट किया तथा फूल मालाओं से स्वागत व शाल, श्रीफल से सम्मान किया।

# 23 से कांग्रेस अध्यक्ष रहेंगे जिले के दौरे पर

**सिवनी नवभारत।** जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष नरेश मरावी का जिला स्तरीय दौरा एवं जनसंपर्क कार्यक्रम 23 सितम्बर से प्रारंभ होगा। इस दौरान श्री मरावी ब्लॉक मुख्यालयों में पंहुचकर कांग्रेस जनों से भेंट करेंगे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर वोट चोरी के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जा रहा। इसी ''वोट चोर-गद्दी छोड़'' के मुद्दे पर कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इसी के साथ-साथ मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जायेगा। इस जनसंपर्क कार्यक्रम में केवलारी क्षेत्र के विधायक रजनीशसिंह ठाकुर, लखनादौन विधायक योगेन्द्रसिंह बाबा, बरघाट क्षेत्र के पूर्व विधायक अर्जुनसिंह काकोडिया, जिला प्रभारी सोहन वाल्मीकि, सहप्रभारी विवेक अवस्थी, म.प्र. कांग्रेस के महासचिव द्वय राजा बघेल, विनोद वासनिक उपस्थित रहेंगे। उक्ताश्य की जानकारी देते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मो.असलम खान एवं जिला पंचायत सिवनी के पूर्व अध्यक्ष मोहनसिंह चंदेल ने समस्त कांग्रेस जनों से अपने अपने ब्लॉक में उपस्थिति की अपील की है।



श्री मरावी 23 सितंबर मंगलवार को 11.30 बजे गोपालगंज में कांग्रेस जनों से मुलाकात एवं चर्चा करेंगे। दोपहर 12.00 बजे ज्वाला देवी प्रागंण कलबोडी में आयोजित ब्लाक कांग्रेस कमेटी सुकतरा के कार्यकर्ता सम्मेलन में पंहुचकर कांग्रेस जनों से मुलाकात कर संबोधित करेंगे। दोपहर 2.30 बजे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुरई में कार्यकर्ता बैठक में भाग लेंगे तथा शाम 5.30 बजे शहीद स्मारक ग्राम टुरिया पंहुचकर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पीत कर, कांग्रेस जनों से मुलाकात करेगे।

24 सिंतबर गुरूवार को 11.30 बजे केवलारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में पंहुचकर कांग्रेस जनों से मुलाकात कर सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। दोपहर 2.30 बजे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उगली द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में पंहुचकर कांग्रेस को सम्बोधित करेंगे। 25 सितम्बर बुधवार को 12.00 बजे, लखनादौन में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में पंहुचकर कांग्रेस जनों से मुलाकात कर सम्बोधित करेंगे,इस सम्मेलन में लखनादौन विधानसभा क्षेत्र के आदेगांव, धूमा, नागनदेवरी ब्लाक के कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। तत्पश्चात 2.00 बजे कहानी पंहुचकर कांग्रेस जनों से मुलाकात करेगे, अपराहंत 3.00 बजे घंसौर पंहुचकर, घंसौर, केदारपुर एवं सालीवाड़ा ब्लाक की संयुक्त बैठक में शामिल होकर कांग्रेस जनों से मुलाकात कर बैठक को सम्बोधित करेंगे।

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ




**छपारा नवभारत।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 17 सितंबर को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ अर्जुन सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष छपारा,सदम सिंह बरकडे जनपद अध्यक्ष, जयदीप सिंह चौहान जिला महामंत्री, श्रीमति निशा पटेल नगर परिषद अध्यक्ष, नगर परिषद उपाध्यक्ष शिवकांत सिंह,छपारा महिला शक्ति मोर्चा अध्यक्षा रेखा जावरे छपारा भा.जा.पा जिला .उपाध्यक्ष चक्रेश ठाकुर छपारा, एवं नगर परिषद् छपारा के समस्त पार्षद उपस्थित रहे, सभी की गरिमामई उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। ज्ञात हो कि महिलाओं का स्वास्थ्य और सशक्तिकरण समग्र प्रगति को लेकर 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान स्वास्थ विभाग द्वारा चलाया जाएगा। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा वर्चुअल माध्यम किया गया। वहीं खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामु. स्वा. केन्द्र छपारा के डॉ टी एस इनवाती ने बताया कि अभियान की शुरुआत बुधवार 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलाया जाएगा जिसके अंतर्गत सभी महिलाओं के लिए नि:शुल्क चिकित्सा जाचं और स्वास्थ्य सेवाएं दी जाएंगी जिसके तहत ईएनटी, नेत्र, रक्तचाप, मधुमेह और दंत जाँच,कैंसर-मुख, स्तन का ग्रीवा, साथ ही गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसवपूर्व जाँच,टीकाकरण सेवाएँ, एनीमिया का स्तर, टेलीमानस सुविधाएँ,टीबी की जांच, सिकल सेल का ईलाज किया जाएगा।

# विश्व ओजोन परत दिवस : पर्यावरण के हित में मनुष्य का योगदान

**सिवनी नवभारत।** ओजोन परत अर्थात मनुष्य की लाइफ लाइन अर्थात मनुष्य का जीवन जबतक ओजोन परत सुरक्षित होगी तभी तक ,मनुष्य द्वारा संचित धन,वैभव,मायावी चकाचौंध,का महत्व है ।अन्यथा इसके आभाव में मनुष्य, जीव जंतु,पेड पौधे किसी का कोई महत्व नहीं ? ।परन्तु मनुष्य और संस्थान, साधन संपन्न बनकर सबसे ज्यादा सी एफ सी उत्सर्जन करने का कारण बन गए हैं ।,एवं स्वंय,ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने बड़ी मात्रा में रेफ्रिजरेटर, एयरकंडीशनर,रासायनिक पदार्थों का उपयोग कर रहे है ।इनका इस्तेमाल आफिस,अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान, सहित सभी राज्य एवं केंद्र सरकार के कार्यालयों में इस कदर हो रहा है जिसकी कोई सीमा नहीं ।जब आदमी बीमार हो जाता है तो अपनी चिकित्सा अच्छे से अच्छे विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखभाल में अच्छे एयर कंडीशनर अस्पतालों में कराता है यह जानते हुए भी कि यह सबसे ज्यादा कार्बन उत्सर्जक संस्थान हैं ,परन्तु ना व्यक्ति, ना अस्पताल किसी को भविष्यकी नहीं सिर्फ आज की चिंता है। साधन संपन्न आदमी,साधन संपन्न अस्पताल, आफिस,स्कूल, कालेज, कोचिंग, होटल,लाज,माल बस,कार,ट्रेन ऐसे हैं जो सबसे ज्यादा कार्बन उत्सर्जक हैं।

डी पी चतुर्वेदी महाविद्यालय एवं डीपीसी स्कूल के चेयरमैन डॉ. केके चतुर्वेदी ने कहा कि फिर उम्मीद किससे की जा सकती है ।यही साधन संपन्न मनुष्य जिसे हम हाई प्रोफाइल लोग कह सकते हैं सबसे ज्यादा रेफ्रिजरेटर एयर कंडीशनर,शेंट आदि का उपयोग कर सबसे ज्यादा ओजोन परत क्षयकारी पदार्थों का उपयोग कर पृथ्वी का संतुलन बिगाड़ने पूरी कोशिश अपने पैसे के दम पर करता है ।जो अत्यंत दुखद एवं आने वाली(98 प्रतिशत ) पीढ़ी के लिए पीड़ा दाई है ।आज ओजोन परत के संरक्षण के लिए हमें जहां जैविक खेती अक्षय ऊर्जा और वृक्षारोपण के माध्यम से जन जागरण करना जरूरी हो गया है। वही आने वाली पीढ़ी के लिए बढती आबादी ,बढ़ता प्रदूषण ,बढ़ते मकान, खेती में प्रयुक्त होने वाले कीटनाशक



,तीन-तीन फसल, प्लास्टिक का इस्तेमाल चुनौती बन गए हैं। जब तक मनुष्य स्वंय से जागरूक नही होगा वह 2 प्रतिशत साधन संपन्न लोगों के लिए पृथ्वी की तबाही का कारण बनेगा ।क्योंकि केवल 2 प्रतिशत लोग और उनके द्वारा प्रयुक्त किए जाने वाले संसाधन ओजोन परत के विनाश का महत्वपूर्ण कारण है।

यदि हमें आने वाली पीढ़ी के लिए सुख,वैभव और साधन संपन्नता तलाशना है तो हमें शिक्षा ,चिकित्सा, समाज सेवा आदि मूल्य बदलने होंगे एवं हमें जैविक खेती, सोलर ऊर्जा ,जल संरक्षण वृक्षारोपण जैसे कार्यों को महत्व देना होगा।

# आज से प्रारंभ होंगे महाराज अग्रसेन जन्मोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रम

सिवनी नवभारत। अग्रकुल प्रर्वतक श्री 1008 महाराजा अग्रसेन की 5179वां जन्मोत्सव सिवनी अग्रवाल समाज 18 से 22 सितंबर तक उत्साहपूर्वक मना रहा है। गुरूवार को ध्वजारोहण के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ जबलपुर रोड लूघरवाड़ा स्थित श्री अग्रसेन भवन में किया जाएगा। व्यवसायी श्री रमेशचंद जी कन्हैयालाल जी अग्रवाल द्वारा महाराज श्रीअग्रसेन व माता महालक्ष्मी का पूजन कर ध्वजारोहण से कार्यक्रमों की शुभारंभ करेंगे। शाम 7 बजे से समाज के पांच महिला मंच प्रगति महिला मंच, अग्रोहा सखी मंच, अग्रसेन महिला एकता मंच, माधवी मंच, अग्रनारी शक्ति मंच द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही बच्चों की रील बनाओ कक्षा यूकेजी से सेकंड क्लास तक के लिए आयोजित होगी। अग्रवाल समाज समिति के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल (भालोटिया), महासचिव नरेश अग्रवाल ने बताया कि 22 सितंबर सोमवार को महाराजश्री अग्रसेन का विधिवत पूजन-हवन व महाआरती होगी। इससे पहले सुबह 10 बजे विशाल वाहन रैली श्याम कुंज छिंदवाड़ा रोड़ से आरंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो का भ्रमण करते हुए लूघरवाड़ा अग्रोहा धाम पहुंचेगी। यहां समारोह में अतिथियों का स्वागत, परिचय, उद्बोधन व पुरस्कार वितरण होगा। शाम 4 बजे से अग्रवाल धर्मशाला दुर्गा चौक से परम्परानुसार महाराजश्री की विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

### कल होंगी ये प्रतियोगिताएं

19 सितंबर शुक्रवार को खड़े गरम मसाले के गहने बनाओ, दलहात बान की प्लेट सजाओ, मूंग दाल की मंगोड़ी डालकर आकृति बनाओ, फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होंगी। शाम 7 बजे से जीरो से हीरो डांस प्रतियोगिता महिलाओं, युवक-युवती के लिए होगी। जस्ट डांस रेट्रो थीम पर 3 से 6 साल के बच्चों के लिए होगा। दोनों डांस प्रतियोगिता ग्रुप में होगी। इसके साथ ही बच्चों की रील बनाओ प्रतियोगिता कक्षा 7 से 12 तक के लिए आयोजित होगी।

**आयोजन** मुनि भाव सागर महाराज ने गौशाला का अवलोकन कर दिये प्रेरणादायक उद्बोधन

# गायों को पालना बंद कर दिया इसलिए कत्लखाने जाने लगी...

**सिवनी नवभारत।** जीव रक्षा संस्थान गौशाला सिवनी मध्यप्रदेश में महासमाधि धारक आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज से दीक्षित आचार्य श्री समय सागर महामुनिराज केआज्ञानुवर्ती शिष्य मुनि श्री भाव सागर जी महाराज ने गौशाला का अवलोकन किया एवं उन्होंने प्रेरणा दी कि पूज्य महासमाधि धारक आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज चरण चिन्ह वेदी पर विराजमान होना चाहिए इसके लिए डा मधुरेंद्र चौधरी परिवार ने स्वीकृति प्रदान की इस अवसर पर संबोधित करते हुए मुनि श्री भावसागर जी महाराज ने कहा कि भारत की रीढ़ मजबूत करना है तो गाय की रक्षा करो।



पृथ्वी पर कोई सम्पदा है तो वह गाय है उसे मौत के घाट उतारा जा रहा है कोई रक्षा नहीं कर पा रहे हैं आचार्य श्री के आशीर्वाद से गायों की रक्षा हो रही है गायों को पालना बंद कर दिया इसलिए कत्लखाने जाने लगी। भारत की धरती पर करोड़ों गोकुल होते थे ,गौ माता बड़ी सयानी है।

गायो की रक्षा करे गौशालाओ में भेजे, राष्ट्र की रीढ़ गाय हैं, भारत देश गायों का रव सुनकर गौरव मानता था, गाय का पालन करें यह चेतन धन है सर्वश्रेष्ठ संपदा है, गाय चेतन धन है इसकी सुरक्षा करेंधर्मशास्त्र तो गोधन की महानता और पवित्रता का वर्णन करते ही है किन्तु भारतीय अर्थशास्त्र में भी गोपालन का विशेष महत्व है। कौटिल्य अर्थशास्त्र में गौपालन और गो रक्षण का विस्तृत वर्णन है। भारत में अनादिकाल से ही सभी का मुख्य कर्तव्य गोपालन ही रहा है। प्राचीन काल में जिसके पास ज्यादा गायें होती थीं, वही संपत्ति शाली माना जाता था, गाय से यह देश मंगल का स्थान बन गया था गाय के बिना आज अमंगल हो रहा है देश में। भारत के डॉ., वकील, ग्रंथकार, पत्रकार, बुद्धिजीवी, विद्वान नेता, सामाजिक कार्यकर्ता, सर्विसमेन, बिजनेस मेन, गाय के पालन में सहयोग करें यह महत्वपूर्ण जीव रक्षा का कार्य है। आजकल गृहस्थों ने गाय रखना बंद कर दी है कार, मकान, दुकान, कपड़े, सप्त व्यसन, जुआं, शराब आदि में पैसा बर्बाद कर रहे हैं। लेकिन एक गाय नहीं रख पा रहे है। गाय के दूध से कैंसर, कोलेस्ट्राल, हृदय रोग, कोढ़, ब्लडप्रेशर आदि बीमारियां ठीक होती हैं।

गाय का दूध बुद्धिवर्धक होता है। 24750 मनुष्य एक गाय के जीवन भर दूध से तृप्त हो सकते है। गाय पर प्रेम से हाथ फेरने से ब्लड प्रेशर ठीक हो जाता है। गाय की पीठ पर सूर्य केतू स्नायु हानिकारक विकिरण को रोककर वातावरण को स्वच्छ बनाते हैं। हवन में घी के प्रयोग से वातावरण शुद्ध होता है। ओजोन की परत मजबूत होती है। गाय के रोम और नि:स्वास से भी बीमारी ठीक होती हैं। गाय और बछड़े के रंभाने की आवाज से मनुष्य की अनेक मानसिक विकृत्किया तथा रोग अपने आप नष्ट हो जाते हैं।

**यह है खूबियां**

गाय अपने सींग के माध्यम से कास्मिक पावर ग्रहण करती है। गाय के गोबर से टी.वी., मलेरिया के कीटाणु नहीं पनपते हैं। विनोबा भावे जी कहते थे कि हिन्दुस्तानी सभ्यता का नाम ही गोसेवा है। पहले आम के बगीचों में दूध की सिंचाई होती थी। गाय के दुग्ध पदार्थों में विष को समाप्त करने की क्षमता होती है। गाय के शरीर में विषैले पदार्थों को पचाने की क्षमता होती है। लगभग 8000 साल पहले सिंधु घाटी में गाय को पालतू बनाये जाने से एक क्रांति आयी थीं। इस तरह आप गाय की उपयोगिता के बारे में लोगों को बतायें प्रचार प्रसार करे।

# किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन



**सिवनी नवभारत।** भारतीय किसान संघ के अंतर्गत आने वाली तहसील केवलारी में 15 सितंबर को तहसील कार्यकारिणी केवलारी एसडीएम द्वारा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री व कलेक्टर के नाम ज्ञापन सोपा गया जिसमें उपस्थित जिला भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष शिवप्रसाद ठाकुर एवं संयोजक ,सदस्यगण उपस्थित रहे।




